
तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 अप्रैल 2026

4 रायगढ़ बना ऑनलाइन मुआवजा का मॉडल, 6 महीने में 15.49 करोड़ ट्रांसफर





## खबर संक्षेप



### तलवार लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जमीन विवाद के दौरान तलवार लहराने वाले आरोपी को कापू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे आर्म्स एक्ट की धाराओं में जेल भेजा गया है। ग्राम इंदकालो निवासी पदमन बंजारा 36 द्वारा थाना कापू में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। उसने लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम अलोला निवासी कमलेश राठिया से 22 डिसमिल जमीन खरीदा था। भूमि तक आवागमन के लिए रास्ता मांगने को लेकर विवाद चल रहा था। बीते 26 मार्च को पटवारी द्वारा जमीन की नाप की जा रही थी, उसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे ग्राम अलोला निवासी युवराज बंजारा हाथ में तलवार लेकर मौके पर पहुंचा और एक इंच भी जमीन नहीं दूंगा कहते हुए अश्लील गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी ने तलवार लहराते हुए शिकायतकर्ता को मारने के लिए दौड़ाया, जिससे वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाया। घटना की रिपोर्ट पर थाना कापू में आरोपी युवराज बंजारा के विरुद्ध धारा 296, 351,3 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कापू पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार जब्त की गई। प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 भी जोड़ी गई है। आरोपी युवरात बंजारा पिता कार्तिकराम बंजारा 29 निवासी ग्राम अलोला थाना कापू को न्यायालय में प्रस्तुत कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने किया 13 टन अवैध कबाड़ जब्त



**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध स्क्रैप परिवहन पर कार्रवाई करते हुए ट्रक में लोड भारी मात्रा में कबाड़ जब्त किया है। 30 मार्च को पूंजीपथरा पुलिस को सूचना मिली थी कि तमनार चौक की ओर एक ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 2763 में अवैध स्क्रैप कबाड़ लोड कर लाया जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की। चालक ने अपना नाम रमेश यादव 40 निवासी जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश बताया। वाहन की तलाशी लेने पर ट्रक में करीब 13 टन 700 किलोग्राम लोहे-टीना का कबाड़ लोड मिला। जिसकी कीमत करीब 2 लाख 87 हजार 700 आंकी गई। चालक ने कबाड़ परिवहन का कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। आरोपी रमेश यादव पिता डल्लू यादव 40 साल निवासी रसूलपुर पोस्ट बीनापारा थाना सरायमीर जिला आजमगढ उत्तरप्रदेश विरुद्ध धारा 35,क,ड,303,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### बनाए गए हैं सात कलस्टर, जल संरक्षण के साथ महिलाओं का बनेगा आय का जरिया

# अब गहरीकरण नहीं, मनरेगा से निर्माण होगा नवा तरिया, हर ब्लॉक में 4 का टारगेट, एक बनेगा मॉडल

**हर साल गहरीकरण में होता था लाखों खर्च, लेकिन फायदा कुछ नहीं , जिले में चालू किया गया नवा तरिया आय के जरिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



अब मनरेगा में तालाब गहरीकरण नहीं होगा, बल्कि नवा तरिया का निर्माण होगा। जिले के हर ब्लॉक में चार-चार नवा तरिया बनेगा। यह तरिया जल संरक्षण के साथ महिलाओं के लिए आय का जरिया भी बनेगा। तालाब निर्माण के बाद महिला समूहों को सौंप दिया जाएगा।

तालाब में मछली पालन कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। जिले में 28 सीएलएफ (कलस्टर लेबल फेडरेशन) हैं जहां एक-एक नया मॉडल तालाब का निर्माण किया जाएगा। शासन की ओर से मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत ग्रामीण विकास को नई दिशा देने के लिए जिले में नवा तरिया आय के जरिया प्रोजेक्ट चालू किया गया है। जिला पंचायत की ओर से नए वित्तिय वर्ष में इस योजना को जिले के सभी ब्लॉकों में अमलीजामा पहनाने की तैयारी कर ली गई है। जानकारी मिली है कि नवा तालाब निर्माण में किसी तरह की अनियमितता न हो इसके लिए युक्तधारा नामक पोर्टल से जोड़ा जाएगा। साथ ही जगह चयन के लिए भी कलार्ट एप के माध्यम से रिज टू वैली कॉन्सेप्ट का उपयोग किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य भूजल स्तर (वॉटर रिचार्ज) को सुधारने के साथ ही साथ महिलाओं के आजीविका संवर्धन भी तय करना है।

#### इन गांवों का आ चुका है प्रपोजल

जो जानकारी मिली है उसके अनुसार अब त क करीब 30 गांव का प्रपोजल आ चुका है। इसमें सबसे ज्यादा धरमजयगढ़, खरसिया और लैलूंगा शामिल है। धरमजयगढ़ और खरसिया ब्लॉक में 6-6 गांव तो लैलूंगा ब्लॉक में 5 गांवों का प्रपोजल आने की बात कही जा रही है। इसी तरह रायगढ़, घरघोड़ा और तमनार में 4-4, प्रपोजल है, लेकिन जहां सेमी क्रिटिकल जोन हैं पुसौर वहां से केवल एक ही प्रपोजल आया है। इन गांवों में आमापाली, चरखापारा, तालगांव, पेलमा, महराजगंज और मुनूंद, पुसल्दा, काया, बगचबा, भालूमार, बगदेवा, कुनकुनी, रानीसागर, बड़े जामपाली, देहजरी, केवाली, बरडीह, तोलगे, टूरटूरा, तोलमा, खम्हार, झारमुड़ा, कोलाइबहाल, चिराईपानी, सरडामाल, कुरमापाली, सामारुमा, जोबरो, महलोई और मिलूपारा शामिल है।

#### महिला समूहों को कमान

मनरेगा से तालाब निर्माण के बाद उसे महिला समूहों को सौंप दिया जाएगा। याने इस प्रोजेक्ट की थीम लाइन नवा तरिया आय का जरिया के अनुरुप इन तालाबों में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन, बतख पालन समेत अन्य जल आधारित कामों को किया जाएगा। इससे महिलाओं की आमदनी बढ़ेगी और आत्मनिर्भर बनेंगी। इसका मुख्य उद्देश्य भी यही है। जानकारी मिली है कि इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए महिला समूहों के साथ बैठकों का दौर भी शुरु हो गया है।

#### पुसौर सेमी क्रिटिकल जोन में

रायगढ़ जिले की बात करें तो यहां पुसौर ब्लॉक सेमी क्रिटिकल जोन में शामिल है। याने यहां पानी की समस्या है। ऐसे में जल स्तर को बराबर बनाने के लिए यहां तालाब की सबसे ज्यादा जरुरत होने की बात कही जा रही है। हालांकि हर ब्लॉक में चार-चार तालाब निर्माण की बात सामने आ रही है। इस तरह टारगेट तय किया गया है, लेकिन पुसौर को इसमें ज्यादा प्राथमिकता देने की बात कही जा रही है। कारण यहां जल संकट है। ऐसे में पुसौर ब्लॉक में ज्यादा ध्यान देने की जरुरत है।



### एनटीपीसी तिलाईपाली ने किया एक करोड़ 10 लाख एमटी कोयले का उत्पादन

**घरघोड़ा।** परियोजना के अधिकारियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में अब तक 11 मिलियन मीट्रिक टन 1 करोड़ 10 लाख टन से अधिक कोयले का उत्पादन एवं प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड 45 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन लक्ष्य की ओर अग्रसर है। साथ ही तिलाईपाली परियोजना द्वारा अब तक 59 करोड़ रुपए से अधिक राशि सामुदायिक विकास कार्यों खर्च किया जा चुका है। प्रासंगिक तेल संकट से लेकर भविष्य कि चुनौतियों के बारे में भी चर्चा हुई। परियोजना प्रबंधन द्वारा सभी सवालों का जवाब दिया गया। इस संवाद से मीडिया और परियोजना के बीच बेहतर समझ एवं पारदर्शिता को बढ़ावा मिला। प्रबंधन ने एनएमएल तलईपल्ली की पारदर्शिता, जवाबदेही और मीडिया के साथ सुदृढ़ संवाद की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

## व्यापारियों की समस्या को लेकर रैली, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** इतवारी बाजार के पीड़ित व्यवसायियों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाखा यादव ने कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए पूर्वानुसार साप्ताहिक बाजार इतवारी बाजार में लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि रियासत कालीन रविवार के दिन लगने वाली साप्ताहिक ईतवारी बाजार प्रांगण में आक्सीजोन निर्माण कराया गया है, जिस समय आक्सीजोन



प्रस्तावित हुआ था उस समय इतवारी बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों द्वारा आक्सीजोन बनने के बाद साप्ताहिक इतवारी बाजार बंद हो जाने की आशंका में आक्सीजोन निर्माण का विरोध किया था क्योंकि ईतवारी बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियों की संख्या लगभग एक हजार के आसपास है और उनके पास इतवारी बाजार में दुकान लगाने के अलावा और कोई दूसरा आजीविका का साधन नहीं है ऐसे में चिंतावश उनका विरोध करना स्वाभाविक ही था उनके विरोध करने पर रायगढ़ विधायक व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा यह कहकर व्यापारियों को आश्वस्त किया था कि आक्सीजोन बनने के बाद भी साप्ताहिक ईतवारी बाजार उसी प्रांगण में पूर्ववत लगेगी पर पिछले रविवार को जब व्यापारियों ने वहां दुकान लगाने गए तब वहां आक्सीजोन परिसर के बाहर ताला लगा देख अचंभित हो गए और अपने आप को मंत्री के द्वारा दिए आश्वासन से ठगा महसूस करने लगे।



## निर्माणाधीन पीएम आवास का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय द्वारा आज शहर में संचालित विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन मोर मकान के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का मैदानी निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया और समय पर आवास पूर्ण करने की अपील की। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने ऐसे हितग्राहियों के घरों तक पहुंचकर निरीक्षण कियाए जिनका आवास स्वीकृत हो चुका है, लेकिन निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है या बंद हो गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी हितग्राही शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण करें, ताकि योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

निरीक्षण के दौरान जिन हितग्राहियों से संपर्क किया गया, उनमें रविशंकर चौहान, दुर्जन सिंह चौहान, सुशीला भारती, संध्या भारद्वाज, जगदीश पांडे, विष्णु शर्मा एवं निर्मला बंजारे शामिल हैं। आयुक्त ने निर्माण कार्य बंद करने वाले हितग्राहियों को समझाइश देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई भी की जा सकती है। आयुक्त श्री क्षत्रिय ने ढिमरापुर चौक, मुख्य मार्ग, कार्मेल स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे नाली निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आयुक्त श्री क्षत्रिय ने विशेष रूप से शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर वर्षा ऋतु में किसी भी प्रकार की जलभराव की समस्या उत्पन्न न होने दी जाए।

**खास बात**

- नाली निर्माण एवं पीएम आवास योजना स्वीकृत घरों का निरीक्षण

### युवक से मारपीट 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बड़पारा शराब भट्ठी के पास युवक से मारपीट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जूटमिल निवासी सत्यम सिदार 31 ने 29 मार्च को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। वह साथी के साथ बड़पारा शराब भट्ठी से लौट रहा था, तभी मिनीमाता चौक के पास रहने वाला मनोज सिंह अपने साथियों के साथ शराब के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर गाली-गलौच करते हुए उसे पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट करने लगा। कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 119,1ए 351,3ए 115,2ए 191,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मनोज सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसकी निशानदेही पर उसके साथी लवकुमार यादव, विक्रम सिंह ठाकुर और बजरंग सिंह उर्फ सोनू को भी गिरफ्तार किया गया।




### प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान से सुदूर अंचलों तक पहुंचा समाधान

## कल से दूसरे चरण का जनसमस्या निवारण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से संचालित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

इन शिविरों के माध्यम से अब तक 1900 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की बात करें तो कापू में आयोजित शिविर में प्राप्त आवेदनों में से 772, मुकड़ेगा में 263, तमनार में 247, पुसौर में 287 तथा छाल में 336 आवेदनों का समाधान किया



गया। यह आंकड़े प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली और प्रभावी मॉनिटरिंग को दर्शाते हैं।

प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के अंतर्गत तमनार, मुकड़ेगा, छाल, पुसौर एवं कापू जैसे सुदूर वनांचल एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर प्रशासन ने दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित की है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना गया तथा अधिकांश प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति के चलते आवेदनों का मौके पर ही परीक्षण कर त्वरित समाधान प्रदान किया गया। जिन प्रकरणों का निराकरण तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए समय सीमा तय कर आवेदकों को स्पष्ट जानकारी दी गई, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई।

#### कल यहां लगेगा शिविर

आगामी जनसमस्या निवारण शिविर 02 अप्रैल को लैलूंगा, 04 अप्रैल को घरघोड़ा तथा 09 अप्रैल को खरसिया में आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर संबंधित तहसील मुख्यालयों में दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होंगे, जहां आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों अधिकतम प्रकरणों का निराकरण स्थल पर ही किया जाए।

**खबर संक्षेप**

## 16 करोड़ की लागत से 5 सड़कों का किया जाएगा निर्माण



**जशपुरनगर।** जिले में सड़क विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 5 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए लगभग 16 करोड़ 30 लाख रुपये की बड़ी सौगात दी है। इससे क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आवागमन सुगम होगा और विकास को मजबूती मिलेगी। सड़क निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद क्षेत्र वासियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। जिले के तिरसोठ से सत्तिपारा आंगनबाड़ी भवन से बटूराबहार गांधी चौक तक मार्ग निर्माण के लिए 2 करोड़ 27 लाख, बेल्डेगी के नवापारा से चन्द्रपुर मार्ग निर्माण के लिए 2 करोड़ 98 लाख, छ॰ 43 से छुरीपहरी चौराअम्मा मार्ग निर्माण के लिए 2 करोड़ 48 लाख,खुटगांव से घोघरजोर पहुँच मार्ग निर्माण के लिए 4 करोड़ 52 लाख,दूदूगजोर से पालीडीह तक मार्ग निर्माण के लिए 4 करोड़ 5 लाख रूपये की मंजूरी दी गई है । इन सड़कों के निर्माण से जिले के दूरस्थ गांवों को मुख्य मार्गों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों में इस मंजूरी को लेकर उत्साह का माहौल है और इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिले को सड़क निर्माण के लिए करोड़ों की दी सौगात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के सड़कों के निर्माण के लिए पिटारा खोल दिया है,अब तक सड़क निर्माण के लिए एक हजार करोड़ रुपए से भी अधिक की राशि की मंजूरी मिल चुकी है। जिससे पहुंच विहीन दूरस्थ गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं, सड़क की गुणवत्ता को लेकर भी सीएम साय ने उच्च अधिकारियों को भी लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर चुके हैं।साथ ही सड़क निर्माण गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।जिले के लिए कई सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो चुकी है , जिससे आवागमन को लेकर राजगीरों को बड़ी सुविधा मिलने जा रही है।

## अग्निवीर भर्ती: ऑनलाइन आवेदन 1 अप्रैल तक

**जशपुरनगर।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 अंतर्गत युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के अनुसार पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन संभावित रूप से 01 जून 2026 से 15 जून 2026 के बीच किया जाएगा। अभ्यर्थियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार विभाग द्वारा विशेष पहल की गई है। अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान की जाएगी, जिससे वे बेहतर तैयारी कर सकें।

### दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

# सरडीह ग्राम को स्वच्छ एवं हरित पंचायत थीम में देशभर में मिला तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरडीह ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ एवं हरित पंचायत थीम के अंतर्गत सरडीह ग्राम पंचायत को वर्ष 2025 के लिए दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस श्रेणी में सरडीह को देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर रोहित व्यास ने ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि सरडीह की यह सफलता अन्य ग्रामों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ही ग्राम विकास को नई दिशा मिली है। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरडीह ग्राम पंचायत ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर एक आदर्श स्थापित किया है, जिससे अन्य ग्राम पंचायतों को भी सीख लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। यह सम्मान सरडीह ग्राम को स्वच्छता एवं हरित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है, जो सामूहिक प्रयास और योजनाओं के बेहतर उपयोग का आदर्श उदाहरण है। लगभग 454 घरों वाले इस ग्राम में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय भी निवासरत है। ग्राम के सभी घरों में शौचालय का उपयोग सुनिश्चित किया गया है, वहीं 109 घरों में सिंचाई एवं अन्य उपयोग के लिए सौर ऊर्जा संचालित पंप लगाए गए हैं। इससे जल की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहती है और किसानों को कृषि कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। आधुनिक कृषि पद्धतियों के उपयोग से फसल उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। यहां के किसान उद्यानिकी फसल टमाटर, मिर्च, खीरा सहित अन्य सब्जियों की खेती कर रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में भी वृद्धि हुई है।और गांव की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ हुई है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी ग्रामवासी पूरी तरह सजग हैं। गांव में वृक्षारोपण और पौधों की नियमित देखभाल की जाती है, जिससे हरियाली बनी रहती है और स्वच्छ वातावरण का निर्माण होता है। साथ ही गांव में 12 सोलर स्ट्रीट लाइट भी स्थापित की गई हैं, जिससे रोशनी की बेहतर व्यवस्था के साथ ऊर्जा की बचत और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है।

### सप्ताह में एक दिन सामूहिक स्वच्छता अभियान

स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाते हुए ग्राम में सप्ताह के एक दिन स्वच्छताग्राही समूह द्वारा सामूहिक साफ-सफाई अभियान चलाया जाता है। ग्राम में न केवल सभी घरों में शौचालय हैं, बल्कि सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है, जिससे स्वच्छता बनी रहती है और बीमारियों का खतरा कम हुआ है। अधिकांश घरों में एलपीजी गैस का उपयोग किया जा रहा है, जिससे धुएं और प्रदूषण में कमी आई है। जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढों का निर्माण किया गया है, जिससे जलस्तर में वृद्धि हुई है और गांव में पानी की कमी नहीं रहती है। सरडीह ग्राम पंचायत की यह उपलब्धि न केवल जिले, बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है और यह दिखाती है कि जागरूकता, सहभागिता और सही दिशा में प्रयास से ग्रामीण विकास की नई मिसालें कायम की जा सकती हैं।

# तेज रफ़्तार बाइक की आमने सामने टक्कर, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



- एक की मौके पर हुई मौत तो दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम
- पत्नी व बच्चे को भी लगी गम्भीर चोट

थाना क्षेत्र स्थित कछार के पास लगभग 11 से 12 बजे के बीच दो तेज रफ़्तार बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालकों की मौत हो गई। एक की मौके पर तो दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच मृतको को अस्पताल के मोर्चरी कक्ष में रखवा आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक गोविंद यादव पिता रुपन यादव उम्र 35 वर्ष निवासी फरसाटोली सोखामुड़ा से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 13 एए 4261 सीडी डीलक्स से महेशपुर शादी में जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे खेम सागर सिदार उम्र 33 निवासी कछार। अपनी प्लेटिना बाइक क्रमांक सीजी 14 एमओ 1632 लुड़ेग समान लेने गया था वापसी के दौरान दोनों बाइक में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। उक्त घटना में एक युवक खेम सागर के सिर में गम्भीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही मौत हो गई। वही गोविंद यादव को चोटिल अवस्था मे पत्थलगांव के सिविल अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में गोविंद के पत्नी व बेटी को भी गम्भीर चोट लगी है, जिनका इलाज जारी है। बताया जा रहा की दोनों की बाइक तेज रफ्तार में थी। ग्राम कछार के पास दोनों बाइक पर नियंत्रण खो बैठे और आमने-सामने टकरा गए।बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया।

## नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री मोदी केन्द्रीय गृह मंत्री शाह का जताया आभार



# बस्तर में होगा नया सूर्योदय, विकसित भारत का मजबूत कदम बस्तर से: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पूर्व प्रदेश भाजपा महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने बस्तर सहित पूरे देश से नक्सल मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बस्तर, जो लंबे समय तक रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता रहा, नक्सल मुक्त होने के बाद अब एक नई पहचान बनाएगा। नक्सलवाद ने वर्षों तक विकास को बाधित किया, लेकिन अब केन्द्र सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व में चारों ओर विकास की धारा प्रवाहित होगी। आगे कहा कि राज्य सरकार ने केंद्र के सहयोग से छत्तीसगढ़ की छवि को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है।

### जीरो टारलेंस नीति: सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्त करने की समयसीमा तय की, तब कुछ लोगों ने इस पर संदेह जताया था। लेकिन केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और जीरो टॉलरेंस नीति के सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि गृह मंत्री द्वारा लगातार बस्तर दौरे और आत्मसमर्पण के आह्वान के चलते लगभग 2898 नक्सलियों ने मुख्यधारा में वापसी की, जबकि करीब 2000 नक्सलियों की गिरफ्तारी भी हुई है।प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं बस्तर प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने भी बस्तर में निरंतर प्रवास कर विकास कार्यों को गति दी है।

### समग्र विकास का आधार: गोमती साय

पत्थलगांव विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने अपने बयान में कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर, छत्तीसगढ़ के समग्र विकास का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों से आज बस्तर में शांति, सुरक्षा और विकास का नया वातावरण बना है। उन्होंने आगे कहा कि अब क्षेत्र के युवा शिक्षा, रोजगार और खेल के माध्यम से अपने भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। श्रीमती साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व को इस परिवर्तन का प्रमुख कारण बताते हुए आभार व्यक्त किया।

### युवाओं को मिला मंच: भगत

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि एक ओर जहां माओवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया गया, वहीं दूसरी ओर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नई भर्ती प्रक्रियाएं शुरू की गईं। साथ ही युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिला है, वहीं बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता अब वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन रही है।

# बैठक में अनुपस्थित एनएच के अफसर को नोटिस



- **कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को आश्रम और छात्रावास का नियमित निरीक्षण करने के दिए निर्देश**
- **भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा और साफ सफाई की व्यवस्था का रिपोर्ट देंगे**
- **प्राइवेट अस्पताल प्रत्येक माह के 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं और अन्य महिलाओं का करेंगे स्वास्थ्य जांच**

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर आश्रम और छात्रावास के निरीक्षण के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी को प्रतिमाह निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा बालक और बालिका छात्रावासों के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी बनाया गया है। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी को भोजन की गुणवत्ता, सुरक्षा व्यवस्था, दरवाजे खिड़की की स्थिति और शौचालय किचन की साफ सफाई की व्यस्था की विस्तृत रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने नोडल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आश्रम, छात्रावास में हॉस्टल अधीक्षक रात में निवास करते हैं कि नहीं इसके भी जानकारी रिपोर्ट में देंगे।

उन्होंने कहा बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने लापरवाही करने वाले छात्रावास अधीक्षक की जानकारी निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारियों को देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में नेशनल हाईवे के अधिकारी के अनुपस्थित होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री घोषणा और मुख्यमंत्री जनदर्शन और कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के घोषणा के कार्यों में बंदरचुआं बस स्टैंड के कार्य, जशपुर में दिव्यांग बच्चों के स्कूल के निर्माण कार्य,सोनार समाज का सामाजिक भवन बगीचा का मंगल भवन,पुल पुलिया और सड़क निर्माण कार्य, आदि अन्य कार्यों की विस्तार से समीक्षा किए और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा सभी निजी अस्पताल प्रत्येक माह के 9 और 24 तारीख को गर्भवती महिलाओं स्वास्थ्य जांच सोनोग्राफी और अन्य महिलाओं का नियमित जांच करेंगे। इस संबंध में सभी प्राइवेट अस्पताल से प्रमाण पत्र लेने के लिए कहा है। कलेक्टर ने कहा कि प्राइवेट अस्पताल शासन के नियमों का उल्लंघन करते पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# 11 वर्षों से निरंतर जारी है अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ अष्टप्रहरी

**जशपुरनगर।** ग्राम पंचायत खरकट्टा, विकासखंड पत्थलगांव में इन दिनों भक्ति और अध्यात्म की बयार बह रही है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण एवं यादव समाज के विशेष सहयोग से 'अखण्ड श्री विष्णु नाम महायज्ञ अष्टप्रहरी' का भव्य आयोजन किया गया। भक्ति भाव से सराबोर यह पारंपरिक कार्यक्रम पिछले 11वर्षों से क्षेत्र में निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु जुट रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ 29 मार्च को अधिवास कलश स्थापना के साथ हुआ। जहां गांव के मुख्य नदी से महिलाएं एवं बालिकाओं के द्वारा पारंपरिक वस्त्र पहन कर नदी से जल भर कर यज्ञ मंडप लाया गया साथ ही स्थानीय कीर्तन मंडली द्वारा भजन कीर्तन कर कलश यात्रा किया गया।



### क्षेत्र की दर्जनों मंडलियों ने लिया भाग

इस महायज्ञ में क्षेत्र की विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। खरकट्टा, बालाझर, झेंडेकेला, इल्ला, करंगाबहला, बतराबहला, ठाकुरमुंडा, लिपटी, कछारसींघार, पाकरगांव, मरालई और रनई जैसे गांवों की मंडलियों ने हरे राम-हरे कृष्ण के महामंत्र से पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाए रखा।यादव समाज और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारीयादव समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह आयोजन पूरे गांव और समाज की एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### इनकी रही विशेष भूमिका

अध्यक्ष: प्रेम कांत यादव, उपाध्यक्ष: लोचन यादव,सचिव: सुशील कुमार यादव साथ ही पदम यादव, मधु यादव, थोविरो यादव, शंकर यादव, कैलाश यादव, योगेश यादव, भरत राम यादव, गंगा धर यादव, यदु मणि यादव, मुनेश्वर यादव, रोहित यादव, कृष्णा यादव, मोहन यादव, ललित कुमार यादव, ओंकार यादव, निधि यादव सहित समस्त ग्रामवासियों और मातृशक्ति (महिलाओं) ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में कपिलदास बाबा (किलकिला) और कीर्तन गुरु विद्याधर बारिक (गुला) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में चोरी

**अंबिकापुर।** शहर के शंकरघाट स्थित निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से सेंट्रिंग व अन्य निर्माण सामग्रियों को पार कर दिया है। फ़िलहाल पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। बता दें कि शासन द्वारा नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्वीकृति दी गई है। करोड़ो रूपए की लागत से शहर के शंकरघाट सहित अन्य स्थानों पर एसटीपी का काम चल रहा है। इस बीच 29 मार्च की रात चोरों ने अंदर प्रवेश कर परिसर में मौजूद सेंट्रिंग प्लेट व अन्य निर्माण सामग्री को पार कर दिया। चोरी किए गए सामान की कीमत लगभग 70 हजार रुपए आंकी गई है। इस मामले में एसटीपी के सिक्योरिटी इंचार्ज संतोष कुमार मिश्रा ने कोतवाली थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

# व्याख्याता यादव को मिला शिक्षाश्री सम्मान



**पत्थलगांव।** पीएम श्री सेजेस के व्याख्याता लीलाम्बर यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं शिक्षा तथा विभिन्न प्रशिक्षण में उनके योगदान के कारण मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण के अंतर्गत सरगुजा संभाग में 2025 का शिक्षाश्री सम्मान प्रदान किया गया है।

श्री यादव को सामुदायिक सहभागिता तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने व अध्यापन हेतु इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया गया है। संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता तथा इस कार्यक्रम का शुभारंभ छग सरकार के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, अंबिकापुर महापौर मंजुषा भगत तथा अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा किया गया, कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कमिश्नर शारदा अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, सरगुजा संयुक्त संचालक संजय गुप्ता विभिन्न जिला के जिला शिक्षाधिकारियों की उपस्थिति रही। प्रशस्ति–पत्र, पुरस्कार धनराशि की चेक तथा शॉल–श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना राज्य की एक प्रमुख पहल है, जिसके माध्यम से प्रत्येक वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है जिसके अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी विद्यालय में अध्यापन कराने वाले व्याख्याताओं को शिक्षा श्री सम्मान संभाग स्तर पर प्रदान किया जाता है। लीलाम्बर यादव को सम्मान दिए जाने पर पत्थलगांव विकासखण्ड शिक्षाधिकारी वेदानंद आर्य ,विद्यालय के प्राचार्य तनु सिंह ठाकुर, विद्यालय के सहकर्मी शिक्षकों एवं अनेकानेक शिक्षकों ने बधाई दी है।

## दूसरों के खातों में ठगी की राशि मंगवाने वाला गिरोह गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** साइबर ठगी की रकम को दूसरों के खातों में मंगवाकर धोखाधड़ी करने के साथ ही म्यूल अकाउंट का संचालन करने वाले तीन साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने भरोसे का फायदा उठाकर व्यक्ति के खाते में ठगी की रकम मगंवाकर एटीएम से आहरण कर दिया। जब व्यक्ति का बैंक अकाउंट होल्ड हुआ तो उसे ठगी का एहसास हुआ।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शौर्य प्रताप सिंह ने पुलिस से 29 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि मोहल्ले में रहने वाले डेयरी और चाय दुकान संचालक ऋत्विक सिंह से उसकी पुरानी जान पहचान थी। इस दौरान दिसंबर 2024 में ऋत्विक उसके घर आया और बैंक खाता काम नहीं करने का झांसा देकर शौर्य प्रताप के खाते में 48 हजार 500 रूपए मगंवा लिया और एटीएम कार्ड से राशि आहरित कर ली। इसके बाद शौर्य प्रताप का खाता होल्ड हो गया था।

### प्रभात फेरी, शोभायात्रा और भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा मन

# भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव पर भक्ति और उत्साह, उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भगवान महावीर के 2625 वें जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर सोमवार को जशपुर में जैन समाज द्वारा भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य आयोजन किया गया।

पूरे दिन चले धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आचार्य विवेक सागर महाराज के मंगल सानिध्य में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और भगवान महावीर के संदेशों का स्मरण किया। इसके बाद नित्य नियम पूजन, भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक एवं शांति धारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में दोपहर के समय भगवान महावीर को विशेष रजत रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाज के पुरुष एवं युवा श्वेत वस्त्रों में तथा महिलाएं पीले परिधानों में सुसज्जित होकर शामिल हुईं। "भगवान महावीर की जय" के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा पुनः जैन मंदिर पहुंची, जहां अभिषेक एवं शांति धारा की गई।

### दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति

रात्रि में श्रीसंघ महिला संगठन द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया।

### विशाल भंडारे का आयोजन

महावीर जयंती के पावन अवसर पर जैन समाज द्वारा मंदिर के सामने विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा आयोजन धार्मिक उल्लास और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया।



# अप्रैल से अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे सलमान

**मुंबई।** सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मातृभूमि को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। काफी समय से सोशल मीडिया पर सलमान की दिल राजू के साथ फिल्म को लेकर चर्चा हो रही थी। सोमवार को सलमान ने खुद अपने पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग सलमान इस साल अप्रैल से शुरू करेंगे। आगामी फिल्म के लिए सलमान निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ काम करेंगे। इस फिल्म के निर्माता दिल राजू होंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है।

लाइफStyle

# सयानी

## अभिनेत्री से प्रोड्यूसर की कुर्सी पर बैठीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सयानी गुप्ता अब अदाकारा से निर्माता बनने की तरफ बढ़ गई हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है। साथ ही अपने प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाले पहले प्रोजेक्ट का भी ऐलान कर दिया है।

अभिनेत्री सयानी गुप्ता ने आर्टिकल 15, जॉली एलएलबी 2, फैन और पार्च्ड जैसी फिल्मों में काम किया है। अब वे बतौर निर्माता अपने कॅरियर की शुरुआत कर रही हैं। सयानी ने अपना प्रोडक्शन हाउस, 'सयानी गुप्ता मूवीज' लॉन्च किया है। इस प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत उनकी पहली शॉर्ट फिल्म 'आसमानी' से हो रही है, जो इस बैनर के तहत बनने वाला पहला प्रोजेक्ट है। फिल्मों और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर एक दशक से ज्यादा समय तक काम करने के बाद अभिनत्री सयानी गुप्ता का कहना है कि प्रोडक्शन की तरफ उनका यह कदम इसलिए है, क्योंकि अब वे स्टोरीटेलिंग में ज्यादा शामिल होना चाहती हैं। सयानी ने कहा, 'यह मेरा एक पुराना सपना रहा है। मैं हमेशा से कुछ खास तरह की कहानियां कहना चाहता थी और इसका मकसद सहयोग के लिए एक ऐसा माहौल बनाना है, जो काम को सरल और सहज बनाए। हम धीरे-धीरे, लेकिन लगातार आगे बढ़ेंगे। एक समय में सिर्फ एक फिल्म पर ध्यान देंगे। हमारे लिए लेखन की गुणवत्ता, कला और कहानी कहने का तरीका हमेशा पहले रहेगा। ऐसा करने के लिए, हर प्रोजेक्ट को सही समय, देखभाल और पूरा ध्यान देना जरूरी है'।



## हॉलीवुड मसाला



# टॉम्ब रेडर के सेट पर हुईं घायल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री सोफी टर्नर को नई सीरीज 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान चोट लग गई है। फिलहाल, सीरीज की शूटिंग को रोक दिया गया है। स्टूडियो ने बताया कि सोफी टर्नर को हाल ही में 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग के दौरान मामूली चोट लग गई है। उनकी सेहत का ध्यान रखते हुए 'टॉम्ब रेडर' की शूटिंग को कुछ समय के लिए रोक दिया गया है। लेकिन, इस दौरान पूरे क्रू को उनका वेतन मिलता रहेगा। 'टॉम्ब रेडर' सीरीज अमेजन और एमजीएम स्टूडियोज मिलकर बना रहे हैं।




# ब्लू ब्लड्स की भूमिका के लिए थे मशहूर...

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर कॉमेडियन और अभिनेता एलेक्स डुओंग का 42 साल की उम्र में कैंसर से लड़ते हुए निधन हो गया। वह 'ब्लू ब्लड्स' की भूमिका के लिए मशहूर थे। वह लॉस एंजिल्स में रहते थे। एलेक्स डुओंग अपनी बेहतरीन कॉमेडी, लेखन और अभिनय के लिए मशहूर थे। उन्हें 'ब्लू ब्लड्स', 'प्रिटी लिटिल लायर्स', 'डेक्सटर' जैसी कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। एलेक्स कॉमेडी जगत में बहुत सक्रिय थे। 2021 से वे लॉस एंजिल्स के प्रसिद्ध कॉमेडी स्टोर में डोरमैन के रूप में काम कर रहे थे। पिछले साल अगस्त में उनके फायदे के लिए एक विशेष कॉमेडी शो भी आयोजित किया गया था, जिसमें कई कॉमेडियन ने हिस्सा लिया। पिछले साल एलेक्स को एक खतरनाक कैंसर (एल्वियोलर रैबडोमायोसारकोमा) का पता चला था, जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।



# अपने किरदार को लेकर दी जानकारी...

**मुंबई।** केजीएफ स्टार यश की आगामी फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। अब फिल्म में नादिया का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म में अपने किरदार को लेकर बात की है। कियारा ने अपने किरदार को लेकर कहा कि नादिया का किरदार अब तक पढ़े गए किरदारों में सबसे अनोखा है। मेरी निर्देशक गीतु मोहनदास ने जिस तरह से इस किरदार को लिखा और उसकी यात्रा को आकार दिया है, उससे मैं बेहद उत्साहित हूं। मुझे लगा कि मैं इस चुनौती को स्वीकार करने और उनकी नजर में इस भूमिका को पर्दे पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। फिल्म से कियारा का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में एक स्टेज पर खड़ी नजर आई थीं।



# 10 सालों से रिलीज को तरस रहीं ये फिल्में

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार को हिंदी सिनेमा के वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर जाना जाता है। 3 दशक से ज्यादा लंबे कॅरियर में अक्की ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। लेकिन, दो फिल्में ऐसी रहीं, जिनका ऐलान तो बड़े ही धूम-धाम तरीके से हुआ था, लेकिन वे कभी भी बड़े पर्दे पर रिलीज नहीं हो सकीं। साल 2016 में अक्षय कुमार की एक बड़ी फिल्म क्रैक का ऐलान हुआ था, जिसके फर्स्ट लुक पोस्टर पर डायरेक्टर नीरज पांडे का नाम मौजूद था। क्रैक की रिलीज डेट 2017 तय की गई थी। एक दशक बाद भी इस मूवी पर ना कोई अपडेट आया और नहीं रिलीज हुई। क्रैक के अलावा 2021 में अक्षय कुमार स्टारर मूवी गोरखा का ऐलान हुआ था, जिसके डायरेक्टर आनंद एल राय थे। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर भी सामने आया था।

## टीवी मसाला



# दो आईकॉनिक अभिनेत्रियों का इंडियन आइडल में हुआ मिलन

**नई दिल्ली।** टीवी शो में 80 के दशक की अभिनेत्रियों को साथ में देखना एक अलग ही नॉस्टेलजिया क्रिएट कर देता है। इंडियन आइडल के हाल ही के एपिसोड में ऐसा ही कुछ देखने को मिला। शो के हाल ही के एक एपिसोड में अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल को आमंत्रित किया गया था। ऐसे में फैंस 53 साल बाद स्टेज पर इस महान जोड़ी को देखकर इमोशनल हो गए। दोनों को आखिरी बार साथ में ऋषि कपूर की फिल्म बॉबी में साथ में देखा गया था। स्टेज पर अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल ने जैसे ही एक दूसरे को आमने-सामने देखा तो उनके और साथ-साथ में फैंस के लिए ये पल काफी ज्यादा भावुक करने वाला था। कंटेस्टेंट ने ईरानी के वायरल गाने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी गाकर उनका वेलकम किया। अरुणा स्टेज पर डांस करती हुई आईं। वहीं फरीदा जलाल के लिए ए दिल लाया है बहार गाकर उनका स्वागत किया गया। ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया, अरुणा ईरानी और फरीदा जलाल स्टारर फिल्म बॉबी की कहानी एक अमीर युवा लड़के बॉबी की है जिसे एक गरीब ईसाई लड़की से प्यार हो जाता है। लेकिन परिवार को ये रिश्ता नामंजूर होता है। अमीर-गरीब और सामाजिक अंतर के कारण उनके परिवार इस रिश्ते का विरोध करते हैं, जिससे वे भाग जाते हैं और आखिर में परिवार को उनकी प्रेम कहानी स्वीकार करनी पड़ती है। फरीदा जलाल ने फिल्म में बॉबी की सहेली निक्की का किरदार निभाया था वहीं, 1973 में आई इस फिल्म में अरुणा ईरानी ने 'नीमा' का किरदार निभाया था। फिल्म में उनका सपोर्टिंग रोल था।

## टीवी पर दस्तक देने आ रही धुरंधर

**नई दिल्ली।** एक तरफ जहां 'धुरंधर 2' देखने के लिए लोग सिनेमाघरों में पहुंच रहे हैं, इसी बीच अब धुरंधर को आप घर बैठे देख सकते हैं। धुरंधर का वर्ल्ड टीवी प्रीमयर होने जा रहा है।



'धुरंधर' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 30 मई को शाम 7 बजे स्टार गोल्ड, स्टार गोल्ड 2 और कलर्स सिनेप्लेक्स पर एक साथ दिखाया जाएगा। मतलब एक साथ ये फिल्म तीन अलग-अलग चैनलों पर आएगी। बताया गया है कि मेकर्स ने धुरंधर के इस प्रीमियर के लिए काफी तैयारियां की हैं। इसके लिए अलग से कैंपेन भी चलाया गया है, ताकि दर्शकों का ध्यान खींचा जा सके। फिलहाल धुरंधर के प्रीमियर की तैयारी चल रही है। अभी मार्च खत्म नहीं हुआ और इसके टीवी प्रीमियर का ऐलान किया है। प्रीमियर 30 मई को किया जाएगा यानि करीब एक महीने से ज्यादा का वक्त अभी बाकी है। धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर 1300 करोड़ से ज्यादा कारोबार किया था।

# मामला लीगल है सीजन 2 से टोस्टर तक, इस वीक ओटीटी पर दस्तक देंगी ये धमाकेदार फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। सोमवार से एक नया वीक शुरू हो गया है। दो दिन बाद नए महीने की आमद होगी और इसी के साथ नई-नई फिल्मों की रिलीज भी। सिनेमाघरों में सिर्फ एक ही फिल्म छाई है, धुरंधर 2। संभव है कि आपने इसे देख लिया हो। अगर आप थिएटर जाकर सिनेमा देखने के शौकीन नहीं हैं और घर बैठे ही कुछ दिलचस्प देखना चाहते हैं तो इस बार की लिस्ट आपको खुश करने वाली है।*

### हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस

फिल्म 'हैप्पी पटेल-खतरनाक जासूस' इस साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें वीर दास लीड रोल में हैं, साथ ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी उन्होंने संभाली। इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में उनका कैमियो भी है। इसके अलावा उनके भांजे इमरान खान भी फिल्म में नजर आए हैं। यह फिल्म 1 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### सितारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' इस वीक ओटीटी पर दस्तक दे रही है। बच्चों के साथ इसे देख सकते हैं। आरएस प्रसन्ना के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है। इसमें जैनेलिया डिसूजा भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म बीते वर्ष जून में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब इसे ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इमोशंस से भरपूर यह फिल्म 2 अप्रैल से सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।



### मामला लीगल है सीजन 2

साल 2024 में आई कॉमेडी कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज 'मामला लीगल है' खूब पसंद की गई। अब इसका दूसरा पार्ट आ रहा है। एक बार फिर पटपड़गंज जिला कोर्ट के सबसे जुगाड़ू वकील वीडी त्यागी (रवि किशन) लौट रहे हैं। राहुल पांडे के निर्देशन में बनी 'मामला लीगल है सीजन 2' नेटफ्लिक्स पर 3 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

### वध 2

संजय मिश्रा और नीना गुप्ता अभिनीत फिल्म 'वध 2' थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर आ रही है। यह क्राइम थ्रिलर फिल्म 'वध' का ही सीक्वल है। 'वध 2' 03 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# विनीत कुमार शक्ति शालिनी में निगेटिव रोल में आएंगे नजर...

**मुंबई।** मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की थामा रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म शक्ति शालिनी का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की स्त्री, भेड़िया, मुंज्या, स्त्री 2 और थामा जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी। विनीत कुमार सिंह ने पिछले साल आई विक्की कौशल की ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा में कवि कलश की भूमिका से काफी सुर्खियां बटोरी थीं। इस फिल्म में उनके अभिनय की जमकर प्रशंसा हुई थी। अब विनीत कुमार सिंह के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। विनीत कुमार सिंह हाल ही में नेटफ्लिक्स की सीरीज हेलो बच्चों में नजर आए थे।



## 200 फिल्में, अनगिनत किरदार और एक स्टार

# सिनेमा का वो रावण, जिसकी आवाज से थरते थे दर्शक

*नई दिल्ली। बड़ा पर्दा और उस पर आने का ख्वाब कई लोगों के दिल में रहता है। सिनेमा में अबतक कई स्टार्स आए जिन्होंने अपने इस ख्वाब को पूरा भी किया। हमने अबतक कई कहानियां देखी और सुनी हैं। हिंदी सिनेमा के एक ऐसे स्टार के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, जिसे असल में रामायण का रावण कहा गया। महज 15 फिल्मों में काम करने वाला वो एक्टर भारतीय सिनेमा का पहला 'रावण' था, जिसने उसे हर तरफ पहचान दिलाई।*

### कौन थे बी.एम. व्यास?

जिन एक्टर के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं, उनका नाम बी.एम. व्यास यानि बृजमोहन व्यास। वही, बृजमोहन व्यास जो अपनी रौबदार आवाज से हर किसी को एक पल के लिए डरा देते थे। बृजमोहन व्यास का जन्म 22 अक्टूबर 1920 को राजस्थान के चूरू जिले में हुआ था। ब्राह्मण परिवार में जन्मे बृजमोहन व्यास बेहद सरल और शांत स्वभाव किस्म के व्यक्ति थे। उन्हें शुरू से ही कला से बेहद लगाव था। कहा जाता है कि शुरुआत से ही उन्हें बनना तो सिंगर था, लेकिन बन वो एक्टर गए और सिनेमा में फिर उन्होंने रावण का किरदार निभाकर ऐसी छाप छोड़ी कि हर कोई देखता रह गया।

### ऐसे स्टार बने

फिल्मों में आने से पहले उन्होंने संगीत की और अच्छे से शिक्षा ली। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई गाने भी गाए। 1940 के दशक में व्यास जी एक सिंगर के तौर पर पृथ्वीराज कपूर के पृथ्वी थिएटर से जुड़ गए और यहां उन्होंने पहले नाटक शकुंतला में भाग लिया। जब वो इस नाटक में काम कर रहे थे, तो उनकी संस्कृत देख हर कोई चकित रह गया। बाद में उनकी इसी संस्कृत के चलते उन्होंने फिल्मों के ऑफर्स मिलने लगे। इसके बाद करीब दस सालों तक वो पृथ्वी थिएटर का हिस्सा बने रहे और देशभर के दौरों पर गए। इस दौरान एक अभिनेता और संगीतकार, दोनों के रूप में उनकी खूब सराहना हुई।



### संस्कृत और हिंदी भाषा पर अच्छी थी पकड़

थिएटर और नाटकों में काम करने के बाद उनकी पहचान बन चुकी थी। उनकी संस्कृत और हिंदी भाषा पर पकड़ अच्छी थी तो वहीं उनकी रौबदार आवाज का भी अलग ही जादू था। इसी के चलते उन्होंने कुछ फिल्मों में भी काम किया और 1944 की फिल्म भर्तृहरि से पहली बार प्लेबैक सिंगर के रूप में उन्होंने अपनी आवाज रिकॉर्ड की। पहले आप (1944) और महाराणा प्रताप (1946) जैसी कुछ और फिल्मों के लिए भी उन्होंने गाने रिकॉर्ड किए। आखिरकार वो वक्त आया, जब उन्हें एक अभिनेता के तौर पर पर्दे पर काम करने का मौका मिला। चेतन आनंद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी इंडिया पिक्चर्स से बतौर प्रोडक्शन मैनेजर जुड़ गए। इसी कंपनी की साल 1946 में आई पहली फिल्म नीचा नगर से बी.एम व्यास ने छोटा सा किरदार निभाकर एक्टिंग वाला सपना भी पूरा कर लिया। इसके कुछ सालों बाद वो आग (1948) और बरसात (1949) जैसी फिल्मों में नजर आए।

### रावण ने किरदार ने दिलाई पहचान

*बी.एम व्यास ने अपने कॅरियर में यूं तो कई फिल्मों में काम किया, लेकिन असली पहचान उन्हें संपूर्ण रामायण से मिली। बाबूभाई मिस्त्री की फिल्म 'संपूर्ण रामायण' साल 1961 में आई थी। इस फिल्म में बी.एम व्यास ने रावण का किरदार निभाया। ये किरदार इतना ब्लॉकबस्टर हुआ कि हर किसी ने उनकी खूब तारीफ की। पौराणिक फिल्म में उनके इस काम के चलते ही उन्हें कई ऐसी पौराणिक कथाओं पर बनने वाले प्रोजेक्ट्स के ऑफर मिले। उन्होंने अपने कॅरियर में लगभग 200 से अधिक फिल्मों में काम किया। उनकी कुछ यादगार फिल्में कुछ इस प्रकार रहीं- बरसात (1949), आवारा (1951), मुगल-ए-आजम (1960), महल (1969), सरस्वतीचंद्र (1968)।*

## खबर संक्षेप

### लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**कटेली।** जिले में आम जन को लू हिट स्ट्रोक के बचाव के संबंध में एक एडवाइजरी जारी की जा रही है। संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापमान में औसत रूप में वृद्धि हुई है। जिसके कारण प्रदेश के साथ हमारे जिले में भी भीषण गर्मी पड़ने एवं लू चलने की संभावना है गर्मी के कारण सामान्य जनमानस का प्रभावित होता है। जिससे लू लगना एवं अन्य जलजनित बीमारियों होने की होने की संभावना बढ़ जाती है गर्मी के कारण लू से बचाव तथा जलजनित संक्रामक बीमारियों से बचाव रोकथाम एवं उपचार हेतु पूर्व से तैयारी किया जाना अतिआवश्यक है उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए निम्न दिशा निर्देश जारी किए जाते है। लू के लक्षण में सिर में भारीपन एवं दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह सुखाना, चक्कर व उल्टियां होना, कमजोरी के साथ शरीर में अत्यधिक दर्द होना, पसीना नहीं आना, अधिक प्यास लगना, लेकिन पेशाब का कम होना, भूख कम लगना, घबराहट लगना, बेचैनी होना और बेहोश होनें की जैसी लक्षण शामिल है। लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और लवण मुख्यत नमक की कमी हो जाना होता है अतः इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाए। घर से बाहर जाना ही हो तो खाली पेट न जाए, धूप में निकलने से पहले सर व कान को मुलायम कपड़ों में अच्छी तरह से बांध ले तथा आंख में भी रंगीन चश्मा लगा ले, पानी साथ लेकर घर से निकले एवं बीच बीच में पानी पीते रहे।

### सड़क निर्माण के लिए 33.70 की मिली स्वीकृति

**रायगढ़।** विधानसभा धरमजयगढ़ में चरखापारा ससकोबा बन्धनपुर मार्ग के उन्नयन एवं निर्माण कार्य हेतु 33.70 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति पर मिलने पर सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा इस मंजूरी के बाद विकास को गति मिलेगी। साय सरकार विकास के आधार को मजबूत करने का काम निष्ठा ईमानदारी से कर रही है। यह बहुप्रतिक्षित मांग पूरी होने से 28.80 किमी सड़क का उन्नयन हो सकेगा। इस निर्माण कार्य के लिए 33.70 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति पर सहमति वित्त विभाग द्वारा प्रदान कर दी गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने कहा कि धरमजयगढ़ विधान सभा में इस स्वीकृति से यह स्पष्ट हो गया कि यह सरकार भेदभाव की बजाय सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास को विकास का मूल मंत्र मानती है। इस निर्माण कार्य से इस क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों के साथ साथ चिकित्सीय सुविधाओं के विस्तार में तेजी आएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष ने सड़क को जीवन की मूलभूत आवश्यकता बताया।

### 6 मामलों में 305 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** बीते दो तीन दिनों के भीतर विभाग ने कार्रवाई करते हुए 6 अलग अलग प्रकरणों में 305.200 लीटर महुआ शराब तथा 1050 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य 1 लाख 13 हजार 540 बताया गया है। आबकारी टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। थाना पुसौर क्षेत्र के ग्राम लोहरसिंग से देवराज टंडन 26 वर्ष के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी थाना क्षेत्र के ग्राम जकेला से शेख नसीरूद्दीन वर्ष के पास से भी 6 लीटर शराब जब्त की गई। थाना कोतरारोड अंतर्गत ग्राम कुरमापाली में कार्रवाई करते हुए राजकुमार चौहान 35 वर्ष के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। वहीं थाना तमनार क्षेत्र में भी आबकारी टीम सक्रिय रही, जहां ग्राम लालपुर से अजय राठिया 31 वर्ष के पास से 15 लीटर और ग्राम आमघाट से अमित एक्का 31 वर्ष के कब्जे से 9.200 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इन सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत गैर जमानती अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## चेक प्रणाली से मुक्ति, अब सीधे खाते में भुगतान, बढ़ा भरोसा

# रायगढ़ बना ऑनलाइन मुआवजा का मॉडल, 6 महीने में 15.49 करोड़ ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- 463 किसानों को राशि हस्तांतरित, किसानों ने बताया सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक प्रक्रिया

रायगढ़ अनुविभाग ऑनलाइन मुआवजा वितरण का मॉडल बन गया है। इस तहसील में बीते 6 महीने में 563 किसानों के खाते में 15.49 करोड़ ट्रांसफर किया गया है। यह पहला अनुविभाग है जहां किसानों को चेक से मुक्ति मिल गई है। भू अर्जन मुआवजा भुगतान प्रक्रिया को सरल और प्रभावी बनाने हेतु ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था लागू की गई है। इस अभिनव पहल के तहत भू.अर्जन से प्रभावित कृषकों को उनकी मुआवजा एवं पुनर्वास राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है जिससे भुगतान प्रक्रिया त्वरित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक हो गई है।

यह व्यवस्था 26 सितंबर 2025 से रायगढ़ अनुविभाग में प्रारंभ की गई, जिसके



किसानों से चर्चा करते एसडीएम महेश शर्मा।

सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। 30 मार्च तक की स्थिति में 156 कृषकों को 9 करोड़ 82 लाख 45 हजार 952 की मुआवजा राशि तथा 307 कृषकों को 5 करोड़ 67 लाख 25 हजार 273 की पुनर्वास एवं बोनस राशि का भुगतान किया गया है। इस प्रकार कुल 463 कृषकों को 15 करोड़ 49 लाख 71 हजार 225 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से हस्तांतरित की गई है। पूर्व में मुआवजा भुगतान चेक के माध्यम से किया जाता था जिससे किसानों को बैंक के चक्कर लगाने पड़ते थे और भुगतान में विलंब होता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद इन समस्याओं से मुक्ति मिली है और किसानों को समय पर बिना किसी परेशानी के राशि प्राप्त हो रही है। इस योजना से लाभान्वित किसानों ने भी संतोष व्यक्त किया है।

**क्या कहते हैं किसान**

ग्राम जामपाली के उपेन्द्र पटेल ने बताया कि ऑनलाइन व्यवस्था से मुआवजा राशि आसानी से और समय पर मिल रही है। वहीं ग्राम गेजामुड़ा के बोधीराम पटेल ने कहा कि नई प्रणाली से बिना किसी परेशानी के सीधे खाते में राशि प्राप्त हो रही है। इसी तरह ग्राम उच्चभिट्ठी के राजकुमार चौधरी ने बताया कि पहले चेक के कारण काफी कठिनाई होती थी, लेकिन अब भुगतान प्रक्रिया बेहद सरल और तेज हो गई है। ऑनलाइन भुगतान प्रणाली से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी और दक्षता बढ़ी है। प्रत्येक भुगतान का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होने से जवाबदेही सुनिश्चित हुई है और त्रुटियों की संभावना भी कम हुई है। यह व्यवस्था किसानों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है और यह पहल सुशासन, पारदर्शिता तथा डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में स्थापित हो रही है।

## वार्ड समितियों में दो अध्यक्ष चार नामित सदस्य शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नगर निगम में वार्ड समितियों के गठन को लेकर प्रक्रिया अब पूर्ण कर ली गई है। इसकी जानकारी महापौर जीववर्धन चौहान ने देते हुए बताया कि यह निर्णय पूर्व में आयोजित बैठक में लिया गया थाएजिसके तहत निर्धारित दिशा.निर्देशों के अनुसार अब वार्ड समितियों का विधिवत गठन किया गया है। महापौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 48;कद्ध के तहत नगर निगम क्षेत्र में वार्ड समितियों का गठन किया गया है।

जिससे वार्ड स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी और जनसमस्याओं के समाधान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इसी क्रम में वार्ड समिति क्रमांक 01 के लिए डिग्रीलाल साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैए जबकि वार्ड समिति क्रमांक 02 के लिए आशीष ताम्रकार को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही दोनों वार्ड समितियों में स्थानीय अनुभव और जनभागीदारी को ध्यान में रखते हुए दो दो नामित सदस्यों को भी शामिल किया गया है। वार्ड समिति क्रमांक 01 में सुभाष पांडेय वार्ड क्रमांक 14 एवं महेश कंकरवाल को नामित सदस्य बनाया गया है। वहीं वार्ड समिति क्रमांक 02 में कौशलेश मिश्रा वार्ड क्रमांक 23 और रवीन्द्र राय वार्ड क्रमांक 31 को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। महापौर जीववर्धन चौहान ने कहा कि वार्ड समितियों के गठन से न केवल विकास कार्यों की गति तेज होगी, बल्कि आम जनता की समस्याओं का निराकरण भी स्थानीय स्तर पर त्वरित रूप से संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि समितियों में अनुभवी एवं जागरूक नागरिकों को शामिल किए जाने से बेहतर सुझाव और सहभागिता मिलेगी, जिससे शहर के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी।

## नाली के ऊपर दुकान लगाने की मांगी अनुमति, अध्यक्ष व सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर में वर्तमान में गौरव पथ निर्माणधीन है और नाली भी निर्माणधीन अवस्था में है वही नाली के ऊपर दुकान लगाने को लेकर स्थानीय व्यापारियों और प्रशासन के बीच चल रही स्थिति अब चर्चा का विषय बन गई है। व्यापारियों ने जन सुविधा और अपने व्यवसायिक हितों को ध्यान में रखते हुए नियमों में लचीलापन बरतने की मांग की है।

इस संबंध में व्यापारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है। व्यापारियों का कहना है कि गौरव पथ में बनी नाली मुख्य रूप से जल निकासी निस्तार के लिए बनाई गई है और इसका अन्य कोई प्रशासनिक उपयोग नहीं है। ऐसे में नाली के ऊपर अस्थायी रूप से दुकान लगाना किसी भी प्रकार से जनहित के विरुद्ध नहीं है। उनका मानना है कि नियमों का हवाला देकर नाली




के ऊपर दुकान लगाने से रोकना व्यावहारिक नहीं है। वही स्थानीय व्यापारियों ने हमारे संवाददाता को बताया कि नाली के ऊपर दुकान लगाने से न तो ग्राहकों को न ही राहगीरों या वाहन चालकों को किसी प्रकार की परेशानी हो रही है। बाजार क्षेत्र में सभी व्यापारी शांतिपूर्वक अपना व्यवसाय कर रहे हैं और व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रित है।कई व्यापारियों ने यह भी कहा कि उनकी दुकानों के पीछे पर्याप्त जगह नहीं है जिसके कारण वे नाली के ऊपर ही दुकान लगाने को मजबूर हैं। यदि वे पीछे हटते हैं तो उनका व्यापार प्रभावित हो सकता है। कुछ व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि नाली के ऊपर दुकान लगाने से नाली सुरक्षित बनी हुई है। यदि दुकानें पीछे कर दी जाती हैं तो सड़क पर चलने वाले भारी वाहन जैसे हाइवा, ट्रक और डंपर नाली को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वर्तमान व्यवस्था में नाली को कोई क्षति नहीं हो रही है। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि वे नाली के ऊपर कोई स्थायी निर्माण नहीं कर रहे हैं और न ही नाली के बाहर अतिक्रमण कर रहे हैं। सभी दुकानें अस्थायी रूप से लगाई जा रही हैं, जिससे नाली के उपयोग या संरचना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है।

> यहां सालों से व्यापार कर रहे हैं। नाली के ऊपर दुकान लगाने से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। हम सिर्फ अपनी रोजी-रोटी के लिए यह कर रहे हैं, इसमें प्रशासन को भी सहयोग करना चाहिए।
>
> **रघु महाराज**
> **व्यवसायी चंद्रपुर**

### अग्निवीर के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** भारतीय थल सेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन आमंत्रित की गई है। भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 1 अप्रैल तक थलसेना के वेबसाईट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन व आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अग्निवीर सैनिक भर्ती अंतर्गत जनरल ड्यूटी तकनीकी, ऑफिस असिस्टेंट, ट्रेडमैन, महिला सैन्य पुलिस एवं नियमित कैडर भर्ती, धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा हवलदार एसएसी के पदों भर्ती की जाएगी। जिसके लिए ऑनलाईन परीक्षा का आयोजन जून में संभावित है। भर्ती के लिए उम्मीदवार की आयु साढ़े 17 वर्ष से 21 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय व राज्यकीय शिक्षा बोर्ड व संस्था से कक्षा 8वीं, 10 वीं या 12वीं, आटीआई, इंजीनियरिंग डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए।

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए हर ग्राम पंचायत में लगेगा राजस्व शिविर

- 1 से 15 अप्रैल, 4 से 18 मई और 1 से 15 जून तक होगी राजस्व शिविर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने समय सीमा की बैठक में सभी एसडीएम तहसीलदार और राजस्व अधिकारी कर्मचारी को निर्देश दिए कि ए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार अप्रैल, मई और जून माह में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु सभी ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन करें।

इस शिविर में छोटे छोटे राजस्व प्रकरण, सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका आदि के लिए आम जनों को भटकना न पड़े। साथ ही इस राजस्व शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार कोतवारों के माध्यम से मुनादी करके करने के निर्देश दिए ताकि जिस दिन शिविर हो वहां स्थानीय लोग इसका लाभ लेते हुए




अपने राजस्व मामलों का अधिक से अधिक मात्रा में निराकरण करा सकें। डॉ कन्नौजे ने जिले में अवैध खनिज और रेत परिवहन और भंडारण पर सयुंक्त टीम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला दण्डाधिकारी ने गढ़ चौक के पास अवैध निर्माण करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। वहीं आगामी माह में 3 माह का राशन आने वाला है, उसके लिए खाद्य अधिकारी को पीडीएस राशन दुकान में पर्याप्त तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान, शहीद वीर नारायण आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, निर्माणाधीन जिला अस्पताल, नवीन कलेक्टर कार्यालय, सडीएम कार्यालय सारंगढ़ और बिलाईगढ़, सामुदायिक हॉस्पिटल बिलाईगढ़, पीएम आवासए सोख्ता गड्ढा, बच्चों के पोषण आहार के लिए आधार कार्ड, स्वनिधि योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मल्टीविलेज पेयजल प्रगति, जनगणना, सरिया बस स्टैंड निर्माणए जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, खाद बीज भंडारण आदि पर कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ चर्चा कर समीक्षा किया।

## राट्रपति से सांसद ने किया क्षेत्र जनहित के मुद्दे पर चर्चा



**रायगढ़।** संसद सत्र के दौरान दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकसभा एवं राज्यसभा के सांसद सदस्यों के लिए आयोजित जलपान कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के सांसद के रूप में रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया सम्मिलित हुए। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान क्षेत्र एवं प्रदेश के विकास जनहित के मुद्दों एवं विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा उनके मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए ऊर्जा हासिल हुई।

### तालाब निरीक्षण करने पैदल गए कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर ने विखं सारंगढ़ के ग्राम खम्हारडीह एवं सिरोली का महावीर जयंती पर औचक निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं जमीनी स्थिति का जायजा लिया। ग्राम खम्हारडीह में चल रहे तालाब पुनरुद्धार कार्य का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने मनरेगा के तहत संचालित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मानव दिवस की स्थिति, श्रमिकों के लिए पेयजल व्यवस्था, श्रम पंजीयन एवं कार्य समय को लेकर मजदूरों से सीधे संवाद किया। साथ ही श्रमिक पाठ, बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति, आयुष्मान कार्ड, लखपति दीदी योजना एवं राशन कार्ड की स्थिति की भी जानकारी ली।

## 8 सत्र में पुसौर भाजपा मंडल में हुआ प्रशिक्षण

**पुसौर।** सभी भाजपा मंडलों में 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में बीते शनिवार-रविवार को तहसील मुख्यालय पुसौर में नगर उपाध्यक्ष उमेश साव एवं मंडल प्रमुख जैमिनी गुप्ता के अगुवाई में आयोजित हुआ। जानकारी के मुताबिक उक्त कार्यक्रम कुल आठ सत्रों में हुआ।

प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विजय अग्रवाल एवं अतिथि रायगढ़ जिला भाजपा प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षण में शामिल कार्यकर्ताओं एवं वक्ताओं के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात भारत



माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर वर्ग में उपस्थित अतिथियों वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा वंदे मातरम एवं राजगीत का सामूहिक गान किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा मुख्य अतिथि एवं वक्ता पूर्व विधायक विजय अग्रवाल अतिथि रायगढ़ जिला भाजपा प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर जिला महामंत्री विकास केडिया नगर निगम रायगढ़ के पूर्व पार्षद एवं विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक सुनील थवाईत द्वितीय दिवस में भाजपा जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान डूलामणि यादव जिला महामंत्री जतिन साव टीकाराम पटेल रायगढ़ नगर निगम पार्षद आशीष ताम्रकार वक्ताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर आधारित साहित्य भेंट कर अभिनंदन किया गया एवं सत्र समाप्ति के पश्चात स्मृति चिन्ह के रूप में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का छाया चित्र भेंट किया गया।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
**गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर**

## देश के औद्योगिक विकास में ओपी जिंदल का योगदान महत्वपूर्ण

**रायगढ़।** जिंदल समूह के संस्थापक ओपी जिंदल की 21वीं पुण्य तिथि के अवसर पर जेपीएल तमनार द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। एडमिन भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्लांट के ईडी एवं एचओपी जी वेंकट रेड्डी ने बाबूजी को याद करते हुए कहा कि ओपी जिंदल बाबूजी का जीवन सेवाए समर्पण और प्रेरणा का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने अपने अथक परिश्रम, और दृढ़ संकल्प से जिंदल समूह को नई उचाइयों तक पहुंचाया और देश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्लांट के ईडी श्री रेड्डी ने कहा कि वे केवल एक उद्योगपति ही नही बल्कि एक दूरदर्शी नेता, समाजसेवी और जन जन के प्रेरणा स्त्रोत थे तथा हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। शिक्षा स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता।बाबूजी ने अपने सामाजिक सरोकार के माध्यम से लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव



लाने का कार्य किया। बाबूजी का जीवन हमें यह सिखाता है कि सफलता केवल स्वयं के लिए नहीं बल्कि समाज के कल्याण के लिए भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाबूजी की पुण्यतिथि पर संकल्प लें कि अपने जीवन में ईमानदारी, मेहनत, और सेवा की भावना को अपनाएं और संकल्प लें कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और देश के विकास में अपना योदान देंगे। जीएम एचआर एंड ईएस आरपी पांडेय ने बाबूजी के साथ बिताए हुए पलों को याद करते हुए कहा कि रिटायरमेंट की उम्र में बाबूजी ने नई सृष्टि रचने का काम किया उनकी वजह से आज जिंदल ग्रुप इस स्थान पर पहुंचा है। एवीपी आईटी वीरेंद्र शर्मा ने प्लांट के स्थापना के कार्यकाल को याद किया।


**मंदिर में हुआ हवन पूजन**

स्वः ओपी जिंदल की 21 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर सावित्री नगर टाउनशिप के बालाजी मंदिर में सुबह से हवन पूजन का आयोजन किया गया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। रात में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसी तरह सावित्री नगर में संचालित ओपी जिंदल फोर्टिस अस्पताल में सुबह 10.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्लांट के अधिकारी, कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस दौरान 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चंद्रशेखर जिलाबदर सीमाओं में प्रवेश पर रोक

**सारंगढ़।** जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने आरोपी चंद्रशेखर अंगारे पिता शम्भू लाल अंगारे निवासी शुक्लाभाटा सोहागपुर बिलाईगढ़, थाना सरसींवा को गुंडागर्दी, गाली, मारपीट, बलवा, जुआ खेलने, अवैध शराब बेचने पर 16 बार विभिन्न अपराध में एफआईआर दर्ज और 13 बार अपराध पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क ख के तहत जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं समीपवर्ती जिला रायगढ़, सक्ती, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार भाटापारा व महासमुंद की सीमाओं में 1 वर्ष की काल अवधि के लिए चंद्रशेखर अंगारे को जिला बदर किया है। जिलों की सीमाओं में न्यायालय ने पूर्व अनुमति प्राप्ति के बिना प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है।

MARUTI SUZUKI
आवश्यकता है
कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव (महिला)
स्नातक/कंप्यूटर
रायगढ़-1 पद
कस्टमर केयर मैनेजर(महिला)
स्नातक/कंप्यूटर
रायगढ़-1 पद
खरसिया-1 पद
अनुभवियों को प्राथमिकता
इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र के साथ 03 अप्रैल 2026 को समय 11 से 3 बजे संपर्क करें
सत्या ऑटो प्रा.लि.
जिन्दल रोड, रायगढ़
हिमांशु विश्वकर्मा- मो.7747000445
email- Himanshu.vishwakarma@teamsatya.in

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त